web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार, 24 अप्रैल 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 205

# पहली बार बड़े स्तर पर संपन्न हुआ वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** गांधीनगर में पहली बार बड़े स्तर पर आयोजित किए गए वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन (जीएआईआईएस) का कल रात समापन हुआ, इस दौरान आयुष क्षेत्र 9,000 करोड़ रुपये से अधिक के आशय पत्र (एलओआई) का साक्षी बना। यह निवेश प्रस्ताव एफएमसीजी, मेडिकल वैल्यू ट्रैवल (एमवीटी) और सेवाओं, फार्मास्यूटिकल्स, प्रौद्योगिकी और निदानएवंकृषक और कृषि जैसी प्रमुख श्रेणियों के तहत आए हैं।

शिखर सम्मेलन के दौरान, देशों, प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थानों, किसान समूहों और उद्योगों के बीच 70 से अधिक समझौता ज्ञापन (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए गए। सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान के अलावा, भारत भर में 35 से अधिक छावनी क्षेत्रों में आयुष सुविधाओं का शुभारंभ करने के लिए आयुष मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के बीच एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं।

समापन समारोह में अपने संबोधन मेंकेंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन आयुष क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए एक सक्षम ढांचा विकसित करने में सहायक रहा है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया के निवेशकों और उद्यमियों ने आयुष के तुलनात्मक लाभ और इसकी क्षमता को महसूस किया है। सोनोवाल ने कहा कि आयुष के क्षेत्र में निवेश और नवाचार के अवसर असीमित हैं। इस अवसर पर केंद्रीय खेल और युवा कार्य एवं सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग



ठाकुर ने कहा कि आयुष के बाजार की व्यापकता 2014 के 3 अरब डॉलर से बढक़र आज 18 अरब डॉलर हो गयी है और यह 75 प्रतिशत की एक अभूतपूर्व वार्षिक वृद्धि है। अनुराग ठाकुर ने आशा व्यक्त की कि देश जल्द ही इस क्षेत्र में कई स्टार्ट-अप और व्यवसायों में निवेश का साक्षी बनेगा। प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहन देने के लिए, अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमें अपने उत्पादों की बेहतर पैकेजिंग की आवश्यकता है और इसे उत्साहपूर्ण विपणन और ब्रांडिंग के साथ पूरा किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत के लिए पारंपरिक चिकित्सा में विश्व गुरु बनने का समय आ गया है। हमें एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की भावना से काम करना चाहिए और भारत में स्वास्थ्य को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे हमारा देश चिकित्सा पर्यटन का केंद्र बन सके।

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत इस सम्मेलन के समापन सत्र में मुख्य अतिथि थे। समारोह के दौरान पर्यटन राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक और आयुष राज्य मंत्री डॉ. महेंद्र मुंजापारा भी उपस्थित थे।

वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन (जीएआईआईएस) 2022 भारत सरकार द्वारा भारत के प्राचीन और पारंपरिक ज्ञान की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित करने एवं इस दिशा में एक स्थायी भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने के लिए इसका लाभ उठाने का एक विशिष्ट प्रयास है। शिखर सम्मेलन का आयोजन अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के सतत विकास लक्ष्य संख्या तीनके अनुरूप किया गया।

शिखर सम्मेलन का समापन कुल पाँच पूर्ण सत्रों, आठ गोलमेज सम्मेलनों, छह कार्यशालाओं और दो संगोष्ठियों के साथ हुआ।इन सभी सत्रों और कार्यकर्मों को तीन दिनों की छोटी अवधि में संचालित किया गया। शिखर सम्मेलन में 90 प्रख्यात वक्ताओं और 100 प्रदर्शकों की उपस्थिति रही। इसमें अमूल, डाबर, कामा आयुर्वेद, एकॉर्डआयुर्वेद, नेचुरल रेमेडीज,एम्ब्रो फार्मा और पतंजलि सहित 30 से अधिक एफएमसीजी कंपनियों ने भागीदारी की।

वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 20 अप्रैल को गांधीनगर के महात्मा मंदिर में मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ और विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस घेब्रेयसस की उपस्थिति में किया था।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जीओसी राइजिंग स्टार कॉर्प्स ने ऑपरेशन की तैयारियों की समीक्षा की

**जम्मू (आरएनएस)।** राइजिंग स्टार कॉर्प्स के जनरल-ऑफिसर-कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह ने टाइगर डिवीजन का दौरा किया और वहां चल रही तैयारियों की समीक्षा की। जनरल ने सभी युद्ध और युद्ध के समय काम आने वाले तैयारियों के बीच उच्च स्तर की तत्परता और तालमेल की सराहना की। सैनिकों के साथ अपनी बातचीत के दौरान, उन्होंने सैनिकों की तेज सतर्कता, तत्परता और उच्च मनोबल की प्रशंसा की।

### आरएसएस नेता श्रीनिवासन हत्याकांड में छह पीएफआई कार्यकर्ता गिरफ्तार

**पालक्काड (आरएनएस)।** मेलमुरी के राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के जिला पदाधिकारी ए श्रीनिवासन की हत्या की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के दो और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया, जिससे मामले में गिरफ्तारियों की कुल संख्या छह हो गई। इस मामले से संबंधित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पीएफआई के स्थानीय नेता ए सुबैर और श्रीनिवासन की मौत की जांच कर रहे एडीजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) विजय सखारे ने कहा कि पुलिस ने शुक्रवार को पास के पलक्कड़ शहर में रहने वाले अशरफ और अफथक को हमलावरों की मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया। इस बीच, सुबैर हत्याकांड की जांच कर रही एसआईटी ने आरएसएस के तीन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया, जो सीधे तौर पर हत्या में शामिल थे। पुलिस ने बताया कि बाकी के बचे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जांच की जा रही है।

### आतंकवादी हमले में घायल रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी की हुई मौत

**श्रीनगर (आरएनएस)।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में हाल ही में एक आतंकवादी हमले में घायल हुए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक अधिकारी ने आज सुबह श्रीनगर के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। काकापोरा रेलवे स्टेशन के बाहर 18 अप्रैल को आतंकवादियों ने निहत्थे आरपीएफ कर्मियों पर हमला किया, जिसमें हेड कांस्टेबल सुरिंदर कुमार की मौत हो गई और सहायक उप-निरीक्षक देवराज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि देव राज ने आज सुबह दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा, सुबह करीब 4.30 बजे वह जिंदगी की जंग हार गए। सोमवार शाम के हमले के एक कथित सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि आरपीएफ के दो जवान काकापोरा रेलवे स्टेशन पर एक चाय की दुकान के बाहर बैठे हैं और अकेला हमलावर दोनों पर अंधाधुंध गोलियां चला रहा है। गोली मारने के बाद हमलावर मौके से भागता नजर आया।

### निर्मला सीतारमण ने वाशिंगटन डी.सी. में पूर्ण विकास समिति की 105वीं बैठक में भाग लिया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामले मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने आज वाशिंगटन डी सी में विकास समिति के पूर्ण सत्र की 105वीं बैठक में भाग लिया। बैठक में डिजिटलीकरण और विकास, विकास और व्यापक आर्थिक स्थिरता के लिए ऋण और यूक्रेन में युद्ध के वैश्विक प्रभावों के प्रति विश्व बैंक समूह की प्रतिक्रिया: एक प्रस्तावित प्रारूप जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इस सत्र में अपने संबोधन में, वित्त मंत्री ने कहा कि चालू वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में मजबूत और उच्चतम है और यह भारत की उदार नीति और मजबूत रिकवरी को दर्शाती है। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि भारत ने बेहद सक्षमता के साथ कोविड-19 महामारी संकट का सामना किया और टीकाकरण में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए अब तक लोगों को 1.85 बिलियन से अधिक कोविड-19 वैक्सीन की खुराक दी हैं। वित्त मंत्री ने उल्लेख किया कि भारत ने स्वेच्छा से सभी देशों को कोविड वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (कोविन) प्लेटफॉर्म की पेशकश की और वह इस प्रमाणित और महत्वपूर्ण रूप से उपयोगी डिजिटल प्लेटफॉर्म के महत्व को पहचानते हुए अन्य सार्वजनिक-वस्तुओं के प्लेटफॉर्म के लिए भी सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

## टेंट हाउस के गोदाम में लगी आग, आधा दर्जन सिलेंडरों में विस्फोट से मचा हड़कंप

**ऋषिकेश (आरएनएस)।** शिवाजी नगर स्थित गली नंबर 16 में एक टेंट हाउस के गोदाम में अचानक आग लग गई। आग लगने की वजह से स्टोर में रखे लगभग आधा दर्जन सिलेंडर तेज धमाकों के साथ फट गए। जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई। फायर ब्रिगेड की टीम सूचना देने के आधे घंटे बाद मौके पर पहुंच पाई। तब तक स्थानीय लोग ने मिल कर काफी हद तक आग पर काबू कर लिया था। गनीमत रही कि घटना से कोई भारी नुकसान नहीं हुआ।

शिवाजी नगर के गली नंबर 16 स्थित एक खाली भूखंड में टेंट कारोबारी रमेश ने अपने टेंट का सामान सहित कई गैस सिलिडर रखे हुए थे। इस स्टोर में बीती देर शाम आग लग गई। आग लगने से एक के बाद एक तकरीबन आधा दर्जन गैस सिलिडर में धमाकों के साथ फट गए। धमाकों की आवाज से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोग घटना स्थल पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। स्थानीय नागरिकों के मुताबिक सूचना देने के बाद आधे घंटे बाद अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। तब तक काफी हद तक क्षेत्रवासियों ने आग पर काबू पा लिया था। मौके पर पहुंचे पुलिस चौकी एम्स के प्रभारी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। मौके से कई गैस सिलेंडर सुरक्षित निकाले गए। आग से हुए नुकसान का जायजा लिया जा रहा है। करीब आधा दर्जन गैस सिलेंडर आग की चपेट में आए हैं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। शिवाजी नगर गली नंबर 16 ऐसी जगह है जहां सडक़ें काफी संकरी है। मौके पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी को पहुंचाने में ही काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस घटना ने बड़ा सवाल यह खड़ा किया है कि आबादी के बीच टेंट हाउस और यहां गैस सिलेंडर इतनी बड़ी संख्या में रखे गए और जिम्मेदार विभाग सोया रहा।

## उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडु आज 'खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2021' का शुभारंभ करेंगे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत के उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडु रविवार को बेंगलुरू के कांतीरवा इंडोर स्टेडियम में द्वितीय 'खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2021' का शुभारंभ करेंगे। कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत; गृह मंत्री अमित शाह; मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई; केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण; केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर; राज्य मंत्री, युवा कार्य और खेल मंत्रालय निसिथ प्रमाणिक इस अवसर पर सम्मानित अतिथि होंगे। देश को गौरवान्वित करने वाले अनगिनत पूर्व और वर्तमान एथलीट सितारों से



सजे इस उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाएंगे।

कर्नाटक के युवा अधिकारिता और खेल मंत्री नारायण गौड़ा भी सम्मानित अतिथियों में शामिल होंगे। कर्नाटक के एमएलसी बसवराज होराट्टी, उच्च शिक्षा मंत्री; आईटी और बीटी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कौशल विकास और उद्यमिता और आजीविका डॉ. अश्वत्नारायण सीएन, शिवाजी नगर के एमएलसी रिजवान अरशद भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे।

कर्नाटक की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को प्रतिबिंबित करने के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखने के लिए देश भर के प्रतिनिधियों सहित 2,500 से भी अधिक उपस्थित लोग स्टेडियम में एकत्रित होंगे। इसी तरह इस अवसर पर एक लेजर शो दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के साथ-साथ इसे एक ऐसे राज्य के रूप में प्रदर्शित करेगा जिसमें प्रौद्योगिकी निरंतर फली-फूली है।

कर्नाटक सरकार और भारतीय खेल प्राधिकरण के अनूठे समर्थन से जैन विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2021' भारत का सबसे बड़ा खेल आयोजन होगा और महामारी के बाद सामूहिक भागीदारी वाली ये पहली प्रतियोगिता होगी। इन खेलों का भुवनेश्वर में शुरुआती संस्करण खत्म होने के बाद ही ये महामारी फैल गई थी। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2021 (केआईयूजी 2021) के जरिए कर्नाटक सरकार पर्यावरणीय स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान केंद्रित कर रही है। खेल के मैदान के बाहर इन खेलों में इस्तेमाल आने वाली हर चीज़ रीयूज़ेबल मटीरियल से बनी होगी।

## भारतीय रेल ने वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान रेलवे के माध्यम से कोयले की आपूर्ति में 11.1 करोड़ टन की बढ़ोतरी की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रेल सभी बिजली संयंत्रों के लिए कोयले की मुख्य आपूर्तिकर्ता है और वर्ष 2021-22 और वर्तमान अप्रैल महीने में बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए कई अहम उपाय किए गए हैं।

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान भारतीय रेल ने रेलवे के माध्यम से कोयले की ढुलाई रिकॉर्ड 11.1 करोड़ टन बढ़ा दी और इस साल कुल 65.3 करोड़ टन कोयले का लदान किया, जो पिछले साल के 54.2 करोड़ टन की तुलना में 20.4 प्रतिशत ज्यादा है।

इसके अलावा सितंबर, 21 से मार्च, 22 तक सिर्फ दो तिमाहियों के दौरान बिजली क्षेत्र के लिए कोयले की आपूर्ति में 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई।



अप्रैल, 2022 में, भारतीय रेल ने बिजली क्षेत्र के लिए कोयले के लदान को प्राथमिकता देते हुए कई कदम उठाए, जिससे सिर्फ एक सप्ताह के भीतर कोयले की आपूर्ति 10 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गई।

भारतीय रेल द्वारा किए गए विभिन्न उपायों के चलते ही यह सुधार संभव हुआ है, जो निम्नलिखित हैं:

कोयले से भरी ट्रेनों की आवाजाही को प्राथमिकता दी गई और लदान से परिवहन और आखिर में उतार तक पूरे चक्र के दौरान हर ट्रेन की गहन निगरानी की गई।

प्राथमिकता और निगरानी के माध्यम से अहम बिजली संयंत्रों के लिए कोयला ट्रेनों का पारगमन समय 12-36 प्रतिशत तक घट गया है।

भारतीय रेल ने ज्यादा दूरी पर स्थिति बिजली संयंत्रों को आपूर्ति को प्राथमिकता दी है, जिसकी पुष्टि इस तथ्य से होती है कि 1 से 10 अप्रैल तक की औसत लीड की तुलना में पिछले 5 दिनों में कोयला ट्रेनों की औसत लीड में 7 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो गई है।

कोयला ट्रेनों की औसत लीड में बढ़ोतरी के बावजूद इन भंडारों के लिए एक ही रैक की दो लगातार लोडिंग में लगने वाला समय 10 प्रतिशत तक घट गया है।

संचालन से जुड़े इन नवाचारों के साथ भारतीय रेल ने बिजली संयंत्रों के लिए कोयला ट्रेनों की आपूर्ति में बढ़ोतरी की है, साथ ही टिकाऊ आधार पर ज्यादा कोयला रैकों का लदान किया है।

भारतीय रेल पूरी तरह तैयार है और उसने बिजली संयंत्रों को उच्च स्तर के कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित रखने के लिए सभी संसाधनों को लगा दिया है और वह कोयला कंपनियों द्वारा साइडिंग्स/ गुड शेड्स तक लाए गए घरेलू कोयले और बंदरगाहों तक लाए गए आयातित कोयले के उठान के लिए प्रतिबद्ध है।

## नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने दिया इस्तीफा, अब सुमन बेरी संभालेंगे पद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नीति आयोग के उपाध्यक्ष (वीसी) राजीव कुमार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने समय से पहले ही इस्तीफा दिया है, लेकिन इसके पीछे का कारण अभी साफ नहीं है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने डॉ सुमन के बेरी को नीति आयोग के नए उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है।

सुमन के बेरी 1 मई से नीति आयोग के उपाध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगे। राजीव कुमार को पांच साल पहले अरविंद पनगढिय़ा की जगह नीति आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया था। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने पत्र में कहा कि एसीसी ने राजीव कुमार के इस्तीफे को मंजूरी दे दी है और कुमार को 30 अप्रैल से कार्यमुक्त किया जाएगा।

### नीति आयोग के दूसरे उपाध्यक्ष थे राजीव कुमार

राजीव कुमार नीति आयोग के दूसरे उपाध्यक्ष थे। 2014 में पहली बार सत्ता में आने के बाद मोदी सरकार ने योजना आयोग का नाम बदलकर नीति आयोग किया था। तब अरविंद पनगढिय़ा नीति आयोग के पहले उपाध्यक्ष बनाए गए थे।

राजीव कुमार सितंबर 2017 से सरकार के थिंक टैंक के वीसी हैं। इसके अलावा, वह गोखले इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड इकोनॉमिक्स, पुणे के चांसलर और गिरी इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज, लखनऊ के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष के रूप में भी काम करते हैं।

## प्रधानमंत्री आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह में भाग लेने के लिए जम्मू एवं कश्मीर जायेंगे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 अप्रैल, 2022 को सुबह लगभग 11.30 बजे राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह में भाग लेने के लिए जम्मू एवं कश्मीर का दौरा करेंगे और देश भर की सभी ग्राम सभाओं को संबोधित करेंगे। वो सांबा जिले की पल्ली पंचायत का दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री लगभग 20,000करोड़ रुपये लागत वाली विकास की विभिन्न पहल का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री अमृत सरोवर पहल का भी शुभारंभ करेंगे। इसके बाद, लगभग शाम5बजे, प्रधानमंत्री मुंबई में मास्टर दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार समारोह में भाग लेंगे, जहां उन्हें प्रथम लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।



**प्रधानमंत्री जम्मू एवं कश्मीर में-** अगस्त 2019 में जम्मू एवं कश्मीर के संबंध में संवैधानिक सुधारों की शुरुआत के बाद से, सरकार ने अभूतपूर्व गति से प्रशासन को बेहतर करनेव इस क्षेत्र के लोगों के जीवन को और अधिक सुगम बनाने के लिए व्यापक सुधार लाने पर ध्यान केन्द्रित किया है। इस यात्रा के दौरान जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया जा रहा है व जिनकी आधारशिला रखी जा रही है, वे बुनियादी सुविधाओं को सुलभ बनाने, आवागमन में आसानी और इस क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास को सुनिश्चित करने की राह में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी।

प्रधानमंत्री 3100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनी बनिहाल काजीगुंड सडक़ सुरंग का उद्घाटन करेंगे। कुल8.45 किलोमीटर लंबी यह सुरंग सडक़ मार्ग से बनिहाल और काजीगुंड के बीच की दूरी को 16 किलोमीटर कम कर देगी और यात्रा में लगने वाले समय में लगभग डेढ़ घंटे की कमीला देगी। यह एक दोहरेट्यूबों वाली सुरंग है- यात्रा की प्रत्येक दिशा के लिए एक ट्यूब।इस सुरंग में रखरखाव और आपातकालीन निकासी के उद्देश्य सेदोहरे ट्यूबों को हर 500 मीटर की दूरी पर एक क्रॉस मार्ग के जरिए आपस में जोड़ा जा रहा है। यह सुरंग जम्मू और कश्मीर के बीच हर मौसम में संपर्क स्थापित करने तथा दोनों क्षेत्रों को करीब लाने में मदद करेगी।

प्रधानमंत्री 7500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाले दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस-वे के तीन रोड पैकेजों की आधारशिला रखेंगे। ये रोड पैकेजराष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर बलसुआ से गुरहा बैलदारन, हीरानगर तक; गुरहा बैलदारन, हीरानगर से जाख, विजयपुर तक; और जाख, विजयपुर से कुंजवानी, जम्मूतक जम्मू हवाई अड्डे से स्पर कनेक्टिविटी के साथ दिल्ली-कटरा-अमृतसर एक्सप्रेसवे पर नियंत्रित पहुंच प्रदान करने के उद्देश्य से 4/6 लेन वालीसडकों के निर्माण से संबंधित हैं।

प्रधानमंत्री रतले और क्वार पनबिजली परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर लगभग 5300 करोड़ रुपये की लागत से 850 मेगावाट की रतले पनबिजली परियोजना का निर्माण किया जाएगा। 540 मेगावाट की क्वार पनबिजली परियोजना का निर्माण भी किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर 4500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया जाएगा। इन दोनों पनबिजली परियोजनाओं से इस क्षेत्र की बिजली संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। जम्मू एवं कश्मीर में जन औषधि केन्द्रों के नेटवर्क का और आगे विस्तार करने तथा सस्ती कीमतों पर अच्छी गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 100 केन्द्रों को कामकाज के लिएतैयारकिया गया है और इन्हें प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा। ये जन औषधिकेन्द्रइस केन्द्रशासित प्रदेश के सुदूरवर्तीइलाकों में स्थित हैं। प्रधानमंत्री पल्ली में 500 किलोवाट के एक सौर ऊर्जा संयंत्र का भी उद्घाटन करेंगे। यह सौर संयंत्रपल्ली को देश की पहली कार्बन न्यूट्रल पंचायत बना देगा।

प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री स्वामित्व कार्ड सौंपेंगे। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पुरस्कार पाने वाली पंचायतों को पुरस्कार राशि भी हस्तांतरित करेंगे। प्रधानमंत्री इनताच फोटो गैलरी, जिसमें इस इलाके की ग्रामीण विरासत को दर्शाया गया हैऔर नोकिया स्मार्टपुर, जोकि भारत में आदर्श स्मार्ट गांव के निर्माण के लिए डिज़ाइन किया गया एक ग्रामीण उद्यमिता-आधारित मॉडल है, का भी दौरा करेंगे।